"हर काम देश के नाम"

# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक

उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

## O/o Controller General of Defence Accounts

Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010

दूरभाष: 011-25665742 फैक्स : 011-25674806, 25674821 ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in

## (राजभाषा अनुभाग)

सं055018/5/81/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./31 दिनांक : 05 जुलाई, 2024

विषय : रक्षा लेखा विभाग मुख्यालय, कार्यालय की दिनांक 27 जून, 2024 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।

*********

इस मुख्यालय कार्यालय की दिनांक 27 जून, 2024 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त इस अनुरोध से भेजा जा रहा है कि आपके कार्यालय/ अनुभाग से संबंधित मदों पर तत्काल उचित कार्रवाई की जाए और की गई कार्रवाई से इस मुख्यालय कार्यालय/राजभाषा अनुभाग को अवगत कराने का कष्ट करें।

रक्षा लेखा महानियंत्रक के अनुमोदन से जारी।

संलग्नक : यथोपरि

नीरज

(नीरज कुमार)
वरिष्ठ लेखा अधिकारी (राजभाषा)

1. निदेशक (राजभाषा) रक्षा मंत्रालय, कमरा न. 240, 'बी विंग' सेना भवन, नई दिल्ली-110011
2. सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक
3. मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य
4. मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग
5. सूचना प्रद्योगिकी एवं प्रणाली कक्ष (स्थानीय) : वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. आदेश फाइल।

"हर काम देश के नाम"

**कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक**

उलान बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी–110010

**Office of the Controller General of Defence Accounts**

Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.– 110010

दूरभाष: 011-25665742 फैक्स : 011-25674806, 25674821 ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in

## (राजभाषा अनुभाग)

विषय : कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 27 जून, 2024 को आयोजित तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की जून 2024 को समाप्त तिमाही की बैठक 27 जून, 2024 को अपराह्न 03.00 बजे श्रीमती देविका रघुवंशी, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | डॉ. मयंक शर्मा | रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक |
| 2 | श्रीमती मौशुमी रूद्र | रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक |
| 3 | श्री विपिन कुमार गुप्ता | रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक |
| 4 | श्री रोज़ी अग्रवाल | रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक |
| 5 | डॉ. श्रीमती शिवाली मल्होत्रा चौहान | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 6 | श्री विवेक बी. उमप | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 7 | श्रीमती मौली सेनगुप्ता | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 8 | श्री राजेश चन्द्रा | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 9 | श्री रूचिर मित्तल | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 10 | श्रीमती नवप्रीत कौर | रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक |
| 11 | श्री सुशील रियाड़ | रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक/सदस्य सचिव |
| 12 | श्री घनश्याम शुक्ला | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 13 | श्री मनमोहन सिंह | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 14 | श्री हिमतेश प्रताप सिंह | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 15 | श्री फाल्गुनी मंडल | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 16 | श्री राजेश छाबड़ा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 17 | श्री सुजीत कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 18 | श्री नीरज कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 19 | श्रीमती काकोली दत्ता | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 20 | श्री गौरव सिंह चौहान | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 21 | श्री अरविन्द | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |

रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक (प्रशासन) द्वारा अध्यक्ष महोदया एवं अन्य सदस्यों के स्वागतोपरांत अध्यक्ष महोदया की अनुमति से सदस्य सचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बैठक में निम्नलिखित मदों पर विचार–विमर्श किया गया:–

**मद सं. 1 : दिनांक 22 मार्च, 2024 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 22 मार्च, 2024 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त सभी संबंधित सदस्यों/अनुभागों को जारी कर दिया गया था। कार्यवृत्त के संबंध में किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 : पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

(i) मुख्यालय में तैनात 34 आशुलिपिकों में से 15 आशुलिपिकों को ही हिंदी आशुलिपि का ज्ञान प्राप्त है। 02 आशुलिपिकों को फरवरी, 2024 से शुरू होने वाले सत्र के लिए नामित किया गया था लेकिन स्लॉट की अनुपलब्धता के कारण उन्हें अगले सत्र के लिए पुनः नामित किया जाएगा।

सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि अगले सत्र के लिए कार्यालय के 02 आशुलिपिकों का नामांकन भेजा गया है।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई।

**[कार्रवाई : प्रशासन–IV एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(ii) मुख्यालय में तैनात 23 लिपिकों में से 08 लिपिकों को ही हिंदी टंकण का ज्ञान है और वर्तमान में प्रशिक्षणरत 02 लिपिकों में से 01 लिपिक उत्तीर्ण हुए हैं। फरवरी, 2024 से शुरु होने वाले सत्र के लिए 05 लिपिकों को नामित किया गया था लेकिन केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान में स्लॉट ना मिलने के कारण उन्हें अगले सत्र में पुनः नामित किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए शेष लिपिकों को भी भविष्य में क्रमवार नामित किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदय ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को यह निदेश दिए थे कि प्रशिक्षण को गंभीरतापूर्वक लें और कहा कि भविष्य में प्रशिक्षण के लिए शेष लिपिकों को क्रमवार नामित किया जाए।

सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि 06 लिपिकों को अगले सत्र के लिए नामित किया गया है साथ ही सभी को निदेश दिए गए हैं कि प्रशिक्षण को गंभीरता से लें। प्रशिक्षण के लिए शेष लिपिकों को भी भविष्य में क्रमवार नामित किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(iii) स्थानीय अनुभागों के राजभाषा निरीक्षण के दौरान तत्संबंधी अनुपालन की समीक्षा की गई एवं अनुवर्ती कार्रवाई हेतु संबंधित अनुभागों को पत्र जारी किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जिन अनुभागों ने अपने मानक प्रोफॉर्मा द्विभाषीकरण के लिए उपलब्ध कराए थे उन सबको द्विभाषी रुप में बनाकर अनुभागों को दे दिया गया था।

अध्यक्ष महोदय ने इस पर संतोष व्यक्त किया और साथ ही यह निर्देश भी दिया कि जिन अनुभागों ने अपने मानक मसौदे द्विभाषी नहीं कराए हैं वे सभी शीघ्र ही अपने मानक मसौदे राजभाषा अनुभाग से द्विभाषी कराएं।

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि जिन अनुभागों से मानक प्रोफॉर्मा द्विभाषीकरण के लिए प्राप्त हुए थे उन सभी को द्विभाषी करके संबंधित अनुभागों को दे दिया गया था।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर सहमति जताई तथा सुझाव दिया कि इस संबंध में अभी और कार्य करने की जरुरत है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अनुभाग यह सुनिश्चित करें कि उनके सभी मानक मसौदे द्विभाषी हैं।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

(iv) सहायक निदेशक (राजभाषा) के रिक्त पदों पर प्रोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के बाद शेष 'मानित समाप्त' (deemed abolished) पदों के पुनः प्रवर्तन (revival) हेतु शीघ्र ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

अध्यक्ष महोदय ने इस पर अपनी सहमति जताई और कहा कि प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के उपरांत शेष पदों के पुनः प्रवर्तन के लिए मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जाए।

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि पदोन्नति द्वारा सहायक निदेशक (राजभाषा) के 03 पदों को भरने के लिए आदेश जारी किए जा चुके है एवं प्रतिनियुक्ति से भरे जाने वाले 04 पदों के लिए अनुवीक्षण समिति (screening committee) द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों की सूची सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृती हेतु रक्षा मंत्रालय को भेजी गई है।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई और कहा कि प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत शेष पदों के पुनः प्रवर्तन (revival) के लिए मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जाए।

**[कार्रवाई : प्रशासन–II, VIII एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(v) सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि कार्यालय नियम पुस्तिका–1 का अद्यतन कार्य प्रक्रियाधीन है। अंतिम रूप दिए जाने पर इसे हिंदी में अनुवाद के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि रक्षा लेखा विभाग के विभिन्न कोड एवं मैनुअल का संशोधन/अद्यतन का कार्य भी प्रक्रियाधीन है।

समिति को इस संबंध में अवगत कराया गया कि इस संबंध में सूचित किया जाता है कि कार्यालय नियम पुस्तिका भाग–1 का हिंदी संस्करण पहले से ही उपलब्ध है तथा आवश्यकता पड़ने पर सुधार पर्ची (correction slip) भी द्विभाषी रूप में ही जारी की जा रही हैं।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर संतोष व्यक्त किया।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 3: <u>दिसम्बर, 2023 तथा मार्च, 2024 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा</u>**

सदस्य सचिव ने दिसम्बर, 2023 तथा मार्च, 2024 की तिमाहियों के हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों के आंकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए।

अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिए कि सभी अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करना सुनिश्चित करें ताकि हम अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 4 : <u>रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पदों की स्थिति</u>**

सदस्य सचिव द्वारा विभाग में हिन्दी संवर्गीय पदों की निम्नलिखित वर्तमान स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई:

| पद का नाम | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| सहायक निदेशक(राजभाषा) | 37 | 09 | 28<br>(04 रिक्त, 24 मानित समाप्त ) |
| वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 35 | 32 | 03 |
| कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 70 | 53 | 17 |

सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि इस वर्ष होने वाली भर्ती के लिए कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के रिक्त पदों की सूचना कर्मचारी चयन आयोग को भेजी जाएगी।

अध्यक्ष महोदया ने निदेश दिए कि सभी रिक्त पदों को यथाशीघ्र भरा जाए।

**[कार्रवाई : प्रशासन–II, प्रशासन–VIII एवं प्रशासन–XI (स्थानीय)]**

**मद सं 5 : <u>राजभाषा संबंधी निरीक्षण</u>**

**(क) <u>मुख्यालय द्वारा अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण</u> :**

समिति को अवगत कराया गया कि गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2024–25 के अनुसार इस वर्ष मुख्यालय द्वारा 11 अपेक्षित अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया जाना है। सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन उपरांत 11 में से निम्नलिखित 02 अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया जा चुका है एवं तत्संबंधी निरीक्षण रिपोर्टें संबंधित कार्यालयों को उनकी अनुवर्ती कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा चुकी हैं।

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख |
|---|---|---|
| 1 | र.ले.नि.(अ. एवं वि.), बेंगलूरु | 14–15 मई, 2024 |
| 2 | र.ले.प्र.नि, बेंगलूरु | 16–17 मई, 2024 |

शेष अनुमोदित कार्यालयों का निरीक्षण भी यथासमय कर लिया जाएगा।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद संख्या : 6 गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2024–25 पर चर्चा**

राजभाषा विभाग द्वारा प्रति वर्ष केंद्र सरकार के कार्यालयों द्वारा कार्यान्वयन के लिए राजभाषा हिंदी के प्रसार और प्रगामी प्रयोग हेतु वार्षिक कार्यक्रम तैयार किया जाता है। इसी क्रम में वर्ष 2024–25 के लिए वार्षिक कार्यक्रम प्राप्त हुआ है। इसे सभी अधीनस्थ कार्यालयों एवं सभी स्थानीय अनुभागों को वांछित कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जा चुका है। विभिन्न मदों के संबंध में इस कार्यालय के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, वे निम्नलिखित हैं:–

| | | | निर्धारित लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी में मूल पत्राचार (ई–मेल सहित) | "क" क्षेत्र से "क" क्षेत्र को | 100% |
| | | "क" क्षेत्र से "ख" क्षेत्र को | 100% |
| | | "क" क्षेत्र से "ग" क्षेत्र को | 65% |
| 2 | हिन्दी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिन्दी में दिया जाना | | 100% |
| 3 | हिन्दी में टिप्पण | | 75% |
| 4 | हिंदी माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम | | 70% |
| 5 | हिन्दी टंकण करने वाले कर्मचारी एवं आशुलिपिक की भर्ती | | 80% |
| 6 | हिन्दी में डिक्टेशन/की बोर्ड पर सीधे टंकण | | 65% |
| 7 | हिन्दी प्रशिक्षण (भाषा, टंकण, आशुलिपि) | | 100% |
| 8 | द्विभाषी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना | | 100% |
| 9 | जर्नल और मानक संदर्भ पुस्तकों को छोड़कर पुस्तकालय के कुल अनुदान में से डिजिटल वस्तुओं अर्थात हिंदी ई–पुस्तक, सीडी/डीवीडी, पेन ड्राइव तथा अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं से हिंदी में अनुवाद पर व्यय की गई राशि सहित हिंदी पुस्तकों की खरीद पर किया गया व्यय | | 50% |
| 10 | कंप्यूटर सहित सभी प्रकार के इलैक्ट्रानिक उपकरणों की द्विभाषी रुप में खरीद | | 100% |
| 11 | वैबसाइट | | 100% (द्विभाषी) |
| 12 | नागरिक चार्टर तथा जन सूचना बोर्डों आदि का प्रदर्शन | | 100% (द्विभाषी) |
| 13 | (i) मंत्रालय/विभागों और कार्यालयों द्वारा अपने मुख्यालय से बाहर स्थित कार्यालयों का निरीक्षण | | 25% (न्यूनतम) |
| | (ii) मुख्यालय में स्थित अनुभागों का निरीक्षण | | 25% (न्यूनतम) |
| 14 | राजभाषा संबंधी बैठकें<br>(क) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति | | वर्ष में 02 बैठकें (प्रति छमाही एक बैठक) |
| | (ख) राजभाषा कार्यान्वयन समिति | | वर्ष में 04 बैठकें (प्रति तिमाही एक बैठक) |
| 15 | कोड, मैनुअल, फार्म, प्रक्रिया साहित्य का हिन्दी अनुवाद | | 100% |
| 16 | मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों के ऐसे अनुभाग जहां संपूर्ण कार्य हिंदी में हो | | 40% |

अध्यक्ष महोदया ने उपस्थित सभी अधिकारियों का आह्वान किया कि वार्षिक कार्यक्रम 2023–24 में उल्लिखित सभी मदों के लिए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए गंभीर प्रयास किए जाएं। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निदेश दिए कि सभी नामपट्ट द्विभाषी हों। साथ ही उन्होंने यह निदेश दिया कि संसदीय राजभाषा समिति के संभावित निरीक्षण कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए तैयारी शुरु कर दी जाए। इसके अतिरिक्त सभी अधीनस्थ कार्यालयों को भी इस आशय के दिशा–निर्देश जारी किए जाएं।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद संख्या 7: <u>मंत्रालय से प्राप्त कुछ महत्वपूर्ण पत्रों पर चर्चा</u>**

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि इस तिमाही में रक्षा मंत्रालय से प्राप्त कुछ महत्वपूर्ण पत्र प्राप्त हुए हैं जिन पर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निम्नानुसार कार्रवाई की गई है :–

| क्र. सं. | विषय | अनुवर्ती कार्रवाई |
|---|---|---|
| 1. | रक्षा मंत्रालय के अधीन अंतर–सेवा संगठनों के अंतर्गत आने वाले कार्यालयों/कमानों/यूनिटों की सूची उपलब्ध कराने के संबंध में। | सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से यथाअपेक्षित सूचना मंत्रालय को प्रेषित कर दी गई है। |
| 2. | संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप–समिति को आवंटित मंत्रालयों के अधीन आने वाले सभी कार्यालयों की सूची उपलब्ध कराने के संबंध में। | सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से यथाअपेक्षित सूचना विहित प्रपत्र (Excel sheet) में भरकर मंत्रालय को प्रेषित कर दी गई है। |
| 3. | अधिकारियों के विजिटिंग कार्ड अनिवार्य रूप से द्विभाषी रूप में बनवाने हेतु। | पत्र में दिए गए दिशा–निर्देशों का अनुपालन करने हेतु सभी अधीनस्थ कार्यालयों को यह पत्र परिचालित कर दिया गया था। |
| 4. | कार्यालय के प्रमुख स्थानों में हिंदी के प्रेरक वाक्य लगवाने के संबंध में। | पत्र में दिए गए दिशा–निर्देशों का अनुपालन करने हेतु सभी अधीनस्थ कार्यालयों को यह पत्र परिचालित कर दिया गया था। इसी के अनुपालनार्थ मुख्यालय कार्यालय में भी प्रेरक वाक्यों के सूचना पट्ट लगवाए गए हैं। |
| 5. | रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले सभी अंतर–सेवा संगठनों की तिमाही प्रगति रिपोर्ट संबंधी सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में। | सभी अधीनस्थ कार्यालयों से वांछित सूचना का समेकन करके सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से मंत्रालय को प्रेषित कर दिया गया है। |

**मद संख्या 8: <u>अध्यक्ष महोदया की अनुमति से अन्य विषय</u>**

अध्यक्ष महोदया कि अनुमति से निम्नलिखित मदों पर चर्चा की गई :–

(I) कार्यालय आदेश भाग–2 ट्यूलिप में केवल अंग्रेजी में जारी किया जाता है। नियमानुसार सभी कार्यालय आदेश द्विभाषी रुप में जारी किए जाने चाहिए।

अध्यक्ष महोदया ने रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (आई.टी. विंग) को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निदेश दिए।

**[कार्रवाई : सू.प्रौ. एवं प्र. विंग (स्थानीय)]**

(ii) रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (आई.टी. विंग) ने सुझाव दिया कि ई–ऑफिस में प्रस्तुत कार्यालय टिप्पणियों में दी जाने वाली अभ्युक्ति के लिए हिंदी का प्रयोग किया जाए।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई।

**[कार्रवाई : संबंधित सभी अधिकारीगण]**

(iii) वर्तमान में ई–ऑफिस में अधिकारियों के हस्ताक्षर के नीचे उनके नाम अंग्रेजी में लिखे जाते हैं जो कि हिंदी में भी लिखे जा सकते हैं।

अध्यक्ष महोदया ने इस संबंध में कार्रवाई करने हेतु निदेश दिए। साथ ही उन्होंने आदेश दिए कि एक समय सीमा निर्धारित करके ई–ऑफिस को रक्षा लेखा विभाग के सभी कार्यालयों में पूर्णतः लागू किया जाए।

**[कार्रवाई : सू.प्रौ. एवं प्र. विंग (स्थानीय) एवं रक्षा लेखा विभाग के सभी कार्यालय]**

अंत में अध्यक्ष महोदया को धन्यवाद देने के साथ ही बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

(नीरज कुमार)
वरिष्ठ लेखा अधिकारी (राजभाषा)